**रोहतास (सासाराम) जिला मुख्यालय अंतर्गत लखरावाँ मौजा में खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 04.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

| | |
|---|---|
| 1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-** रोहतास (सासाराम) जिला मुख्यालय अंतर्गत लखरावाँ मौजा में खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹661.00 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹718.37 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹6,60,18,173/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**

**प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-** राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/2018-19, जिसका पी0आर0 सं0-3134 (नि0नि0) 2018-19 है में किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नही लिया गया था, तथा निगम का आदेश का पत्रांक-2240, दिनांक: 28.07.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था।

**द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-** इस निविदा में छः निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत है:-

प्रथम निविदादाता ''मेसर्स विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन, महालक्ष्मी नगर, सिविल लाईन, सासाराम, रोहतास'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता ''शिवा फैब इंडिया, गजरार, गौराक्षनी, सासाराम, जिला-सासाराम'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता ''हजरत बेलाल, ग्राम-बुधी जेटवार, तरारी, भोजपुर'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया, परन्तु इनके द्वारा दिनांक 03.01.2019 को निविदा वापस लेने का अनुरोध किया गया है। अतएव समिति द्वारा इनके निविदा को अमान्य करते हुए Deposited EMD की राशि ₹13,21,000/- (तेरह लाख इक्कीस हजार रुपये) मात्र को जब्त करने हेतु अनुशंसा की गयी है।

चतुर्थ निविदादाता ''बाबा गौसगीर कंस्ट्रक्शन, भभुआ वार्ड नं0-20, पो0+थाना-भभुआ, जिला-कैमुर'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

पंचम निविदादाता ''जय माता दी एण्ड माँ सीता कंस्ट्रक्शन, ग्राम-खैराही, पी0ओ0-पाँचपोखरी, थाना-बाचैला, रोहतास'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

षष्टम् निविदादाता ''मेसर्स वैष्णो इन्टरप्राइजेज, ग्राम-वीर कुँअर सिंह कॉलोनी, चित्रवन, बक्सर'' है के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

## 11. निगम निविदा समिति का निर्णयः-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 03.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के सभी पाँच निविदादाता (i) मेसर्स विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन, महालक्ष्मी नगर, सिविल लाईन, सासाराम, रोहतास, (ii) शिवा फैब इंडिया, गजरार, गौराक्षनी, सासाराम, जिला-सासाराम, (iv) बाबा गौसगीर कंस्ट्रक्शन, भभुआ वार्ड नं0-20, पो0+थाना-भभुआ, जिला-कैमुर, (v) जय माता दी एण्ड माँ सीता कंस्ट्रक्शन, ग्राम-खैराही, पी0ओ0-पाँचपोखरी, थाना-बाचैला, रोहतास एवं (vi) मेसर्स वैष्णो इन्टरप्राइजेज, ग्राम-वीर कुँअर सिंह कॉलोनी, चित्रवन, बक्सर को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष एक निविदादाता (i) हजरत बेलाल, ग्राम-बुद्धि जेथवार, तरारी, भोजपुर को असफल घोषित करते हुए निविदा में जमा कुल ₹13,21,000/- (तेरह लाख इक्कीस हजार रुपये) मात्र का अग्रधन की राशि को जब्त किया जाता है। साथ ही इनके द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जाँच भी कराने का निर्णय लिया जाता है। जाँचोपरांत प्रतिकुल प्रतिवेदन की स्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई का प्रस्ताव महाप्रबंधक(दखिण) उपलब्ध करायेंगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 12.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक आहूत कर अनुशंसा के साथ अगली निगम निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

4.1.19
(रंजित प्र0 सिंह)
महाप्रबंधक (दक्षिण)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

(तपेश्वर प्र0 साह)
महाप्रबंधक (वित्त)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

04.01.19
(राकेश कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

(रवि शंकर चौधरी)
संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

(उपेन्द्र नारायण)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

4/1/19
(अमित कुमार)
प्रबंध निदेशक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।